(ख) यदि हां, तो इस समिति में नियुक्त किये गये सदस्यों के नाम क्या हैं तथा प्रत्येक सदस्य की नियुक्ति की अवधि कितनी है ;

(ग) क्या यह सच है कि मुख्य प्रबंध-निदेशक ने एक ऐसे व्यक्ति को इस समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है, जिसे कम्पनी के कार्यकरण के बारे में कोई संगतपूर्ण जानकारी नहीं है;

(घ) यदि हां, तो किसके निर्देश पर ऐसे व्यक्ति को कम्पनी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है ; और

(ङ.) सरकार ने इस समिति के सदस्यों की नियुक्ति के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए हैं और इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) चूंकि निदेशक (प्रचालन) सेवा निवृत्त हो चुके थे व ग्रुप महाप्रबंधक (वर्क्स) की उन्नति हो गयी थी अतः वर्ष 1993 में, कोरबा स्थित इकाई में एक प्रबंध समिति का गठन किया गया था तथा प्रशासनिक व वित्तीय मामलों पर तुरंत निर्णय लेने के लिए निदेशक (प्रचालन) के अधिकार इस समिति को हस्तांतरित कर दिए गए थे।

(ख) समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे :—

1. श्री पी०एन० शर्मा, महाप्रबंधक (वर्क्स)
2. श्री आर०एन० झा, महाप्रबंधक (भंडारन)
3. श्री वी०के० शर्मा, महाप्रबंधक (पीएंडए)

सदस्यों के लिए कोई अवधि निर्धारित नहीं की गयी थी। समिति ने 18 जनवरी, 1993 से 31 अक्टूबर, 1993 तक कार्य किया।

(ख) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ.) बाल्को के अध्यक्ष और प्रबंधक निदेशक द्वारा समिति का गठन किया गया था।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लि० में स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां

6132. **श्री अजीत जोगी** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत एल्यूमिनियम कंपनी लि० द्वारा क्षेत्र के स्थानीय लोगों को नौकरियां नहीं दी जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या मध्य प्रदेश में बालाघाट और बिलासपुर क्षेत्र के स्थानीय लोगों को नौकरियों उपलब्ध कराने के लिए कोई कक्ष स्थापित किए जाने का विचार है ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों से संबंधित जिन लोगों को भारत एल्यूमिनियम कंपनी लि० द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया गया है, उनका ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) भारत एल्यूमिनियम कंपनी खुले विज्ञापन के द्वारा अखिल भारतीय आधार पर, अधिकारी वर्ग के पदों के लिए नियुक्ति करती है। कर्मचारी वर्ग की सभी नियुक्तियां कंपनी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही होती हैं इसके लिए यह आवश्यक है कि सिर्फ वे उम्मीदवार, जिन्हें स्थानीय रोजगार कार्यालयों द्वारा प्रायोजित किया गया है, उनकी उपयुक्तता व अन्य निर्धारित मानदंडों को देखते हुए रोजगार/नियुक्ति देने के लिए सिर्फ उन्हीं के नामों पर विचार किया जाए।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान, नियुक्त अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों का विवरण नीचे दिया गया है :

दूसरे पिछड़े वर्गों के लिए हाल ही में आरक्षण निर्धारित किया गया है :—

	अनुसूचित जाति				अनुसूचित जनजाति			
	1991	1992	1993	योग	1991	1992	1993	योग
श्रेणी–1	2	—	3	5	—	—	—	—
श्रेणी–2	—	1	—	1	—	1	—	1
श्रेणी –3	6	1	—	7	16	3	1	20
श्रेणी–4	1	—	—	1	4	—	—	4
योग :	9	2	3	14	20	4	1	25

Royalty on minerals

6133. SHRI KAILASH NARAIN SARANG: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether the Central Government are contemplating to review the rate of royalty on minerals to make them proportionate to the volume of sale thereof; and

(b) if so, by when a decision is likely to be taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

Production of Diamonds

6134. SHRI SURINDER KUMAR SINGLA,; Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) the names of the mines where dsamonds are mined in our country:

(b) what is the total production of diamonds in our country; and

(c) whether any new sites have been identified where deposits of diamonds to bo present?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) Details of the diamond mines in our country are given below:—

Name of Mine	Location	
	Distt.	State
Majhgawan	Panna	Madhya Pradesh
Shallow	Panna	Madhya Pradesh

(b) The Total production of diamond during last 3 years is shown below:—

Year	Qty. (in carats)
1991-92 . .	18213
1992-93 . .	18017 (Provisional)
1993-94 . .	19281 (Estimated)

(c) Recent survey has led to the discovery of three new Bites of diamond